# 10 राजस्थान में पशुपालन

1. वर्ष 2012 की तुलना में 2019 में राजस्थान में प्रतिशत की दृष्टि से सर्वाधिक कमी वाला पशु है ?
(1) घोड़ा (2) ऊँट
(3) भैंस (4) गधे (4)

**व्याख्या–** वर्ष 2012 की तुलना में 2019 में राजस्थान में गधों की संख्या में 71.31 प्रतिशत की कमी हुई है।

2. पशुओं की सर्वश्रेष्ठ नस्ल के अनुसार निम्न में से असुमेलित युग्म है ?
(1) बकरी– जखराना (2) गाय– राठी
(3) भैंस– बदावरी (4) भेड़– चोकला (3)

**व्याख्या–** भैंस की सर्वश्रेष्ठ नस्ल मुर्रा/खुण्डी है।

3. निम्न में से कौन सी गाय की नस्ल नहीं है?
(1) राठी (2) चोकला
(3) थारपारकर (4) कांकरेज (2)

**व्याख्या–** चोकला नस्ल भेड़ की है।

4. नवीनतम आंकड़ों के अनुसार सुमेलित कीजिये –
(क) सर्वाधिक गौवंश — I. जैसलमेर
(ख) सर्वाधिक सुअर — II. जयपुर
(ग) सर्वाधिक भेड़ — III. बाड़मेर
(घ) सर्वाधिक ऊँट — IV. बीकानेर

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | IV | II | III | I |
| (2) | IV | III | II | I |
| (3) | II | III | IV | I |
| (4) | III | IV | I | I |

(1)

5. चन्द्रभागा पशु मेला कहाँ भरता है?
(1) कोटा (2) नागौर
(3) करौली (4) झालावाड़ (4)

**व्याख्या–** चन्द्रभागा पशु मेला का आयोजन कार्तिक शुक्ल एकादशी से मार्गशीर्ष कृष्ण द्वितीया तक झालरापाटन (झालावाड़) में किया जाता है।

6. मालवी वंश के पशुओं के लिए विख्यात मेला है–
(1) वीर तेजाजी पशु मेला (2) चन्द्रभागा पशु मेला
(3) बहरोड़ पशु मेला (4) महाशिवरात्रि पशु मेला (2)

**व्याख्या–** चन्द्रभागा पशु मेला का आयोजन कार्तिक शुक्ल एकादशी से मार्गशीर्ष कृष्ण पंचमी तक किया जाता है। यह चन्द्रभागा नदी के किनारे भरता है।

7. राजस्थान ऊन उत्पादन में देशभर मे प्रथम स्थान रखता है, जो कि भारत के कुल ऊन उत्पादन का ..............प्रतिशत है?
(1) 37.44% (2) 28.30%
(3) 45.80% (4) 71.52% (1)

8. राजस्थान राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (RCDF) का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(1) जोधपुर (2) बीकानेर
(3) जयपुर (4) उदयपुर (3)

9. अविकानगर स्थित अनुसंधान केन्द्र किससे संबंधित है?
(1) भेड़ (2) भैंस
(3) सुअर (4) ऊँट (1)

10. राज्य में ऊँट का अनुसंधान कार्य निम्न में से किसके द्वारा संचालित किया जा रहा है ?
(1) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्
(2) केन्द्रीय पशुपालन विभाग
(3) राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान
(4) राजस्थान पशु अनुसंधान संस्थान (1)

**व्याख्या–** केन्द्रीय ऊँट अनुसंधान केन्द्र जोहड़बीड़ (बीकानेर) में स्थित है। इसकी स्थापना 5 जुलाई, 1984 को की गई थी। यह अनुसंधान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा संचालित है।

11. राजस्थान में राज्य स्तरीय पशु मेलों की संख्या है?
(1) 6 (2) 8
(3) 10 (4) 12 (3)

12. भेड़ की वह नस्ल जिसे भारतीय मेरिनो के नाम से जाना जाता है ?
(1) नाली (2) मगरा
(3) चोकला (4) मालपुरी (3)

**व्याख्या–** चोकला/छापर – इसे भारतीय मेरिनों कहते है। यह भेड़ की सर्वोत्तम नस्ल है। इस नस्ल की ऊन सर्वश्रेष्ठ ऊन मानी जाती है।

13. जखराना बकरियाँ राज्य के किस जिले में सर्वाधिक पाई जाती है ?
(1) सिरोही (2) नागौर
(3) अलवर (4) जोधपुर (3)

**व्याख्या–** इस नस्ल का मूल स्थान अलवर का जखराना गाँव है,अलवर में अधिक पायी जाने के कारण इसे 'अलवरी' भी कहा जाता है।

14. बकरी की बिना सींग वाली नस्ल जिसका विकास काजरी के वैज्ञानिकों ने किया ?
(1) बरबरी (2) जमनापरी
(3) शेखावाटी (4) सिरोही (3)

**व्याख्या–** काजरी के वैज्ञानिकों ने 1959 में बकरी की इस नस्ल को विकसित किया था। राजस्थान के शेखावाटी प्रदेश में यह सर्वाधिक पायी जाती है।

15. राज्य का वह गाँव जहाँ की बकरियाँ पूरे देश में प्रसिद्ध है ?
(1) पूगल (बीकानेर) (2) वरूण गाँव (नागौर)
(3) गोमठ (जोधपुर) (4) नाचना (जैसलमेर) (2)

16. निम्नांकित में से राजस्थान राज्य का कौन–सा एक जिला डेयरी दुग्ध संकलन में प्रथम क्रम पर है ?
(1) भरतपुर (2) जयपुर
(3) बीकानेर (4) अलवर (2)

17. राजस्थान में कुक्कुटपालन प्रशिक्षण संस्थान कहाँ स्थित हैं ?
(1) अलवर (2) अजमेर
(3) कोटा (4) टोंक (2)

Dhindhwal Publication Lead, Read and Achieve

18. राजस्थान का सर्वाधिक पशु घनत्व वाला जिला है ?
(1) जयपुर (2) बाड़मेर
(3) धौलपुर (4) डूँगरपुर (4)

**व्याख्या–** बाँसवाड़ा जिले का पशुघनत्व 433 है, जो राजस्थान में सर्वाधिक है।

19. 2019 की पशुगणना के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक व न्यूनतम पशु संख्या वाले जिले हैं –
(1) बाड़मेर, जैसलमेर (2) उदयपुर, धौलपुर
(3) बाड़मेर, धौलपुर (4) उदयपुर, बाँसवाड़ा (3)

20. फरवरी 2020 में 48 वाँ राष्ट्रीय डेयरी इंडस्ट्री सम्मेलन राजस्थान के किस शहर में आयोजित हुआ?
(1) उदयपुर (2) भरतपुर
(3) अलवर (4) जयपुर (4)

21. राजस्थान में सर्वाधिक खच्चर किस जिले में है –
(1) बाड़मेर (2) हनुमानगढ़
(3) अलवर (4) जयपुर (3)

**व्याख्या–** राजस्थान में खच्चरों की संख्या 1339 है। खच्चरों की दृष्टि से राजस्थान का 9वाँ स्थान है। राजस्थान में सर्वाधिक खच्चर अलवर जिले में है।

22. राजस्थान में केन्द्रीय भेड़ प्रजनन एवं ऊन अनुसंधान केन्द्र कहाँ है–
(1) मण्डोर (जोधपुर) (2) अविकानगर (टोंक)
(3) नोहर (हनुमानगढ़) (4)कोडमदेसर (बीकानेर) (2)

23. बड़वारी नस्ल संबंधित है–
(1) भेड़ (2) बकरी
(3) गाय (4) मुर्गी (2)

**व्याख्या–** बरबरी/बड़वारी – यह बकरी की सर्वाधिक सुन्दर नस्ल है जो राजस्थान के पूर्वी जिलों में पाई जाती है।

24. निम्न में से असुमेलित युग्म छांटिए –
(1) श्री बलदेव पशु मेला– भरतपुर
(2) चन्द्रभागा पशु मेला– झालरापाटन
(3) रामदेव पशु मेला–नागौर
(4) वीर तेजाजी पशु मेला– परबतसर (1)

**व्याख्या–** श्री बलदेव पशु मेला मेड़ता सिटी (नागौर) में भरता है।

25. निम्न में से असुमेलित युग्म छाँटिए–

| पशु | नस्ल |
|---|---|
| (1) ऊँट | – बीकानेरी |
| (2) भेड़ | – मालपुरी |
| (3) बकरी | – सिरोही |
| (4) गाय | – परबतसरी |

(4)

**व्याख्या–** परबतसरी नस्ल बकरी की है।

26. निम्न में से गाय की कौन–सी प्रजाति जालौर, सिरोही, पाली व बाड़मेर जिलों में पाई जाती है–
(1) मालवी (2) कांकरेज
(3) थारपारकर (4) राठी (2)

27. कतला, रोहू व महासीर नस्लें है–
(1) मुर्गीयों की (2) मछली की
(3) घोड़े की (4) सूअर की (2)

**व्याख्या–** कॉपन कॉर्प, सिल्वर कॉर्प, ग्रास कॉर्प मछली की विदेशी नस्लें हैं।

28. महाशिवरात्री पशु मेला किस स्थान पर आयोजित किया जाता है–
(1) भरतपुर (2) करौली
(3) नागौर (4) बाड़मेर (2)

**व्याख्या–** महाशिवरात्री पशु मेला करौली में माघ पुर्णिमा से फाल्गुन कृष्ण सप्तमी तक आयोजित किया जाता है।

29. राजस्थान के प्रमुख पशु–मेलों तथा उनसे सम्बद्ध स्थलों के विषय में निम्न में से कौन सा युग्म असत्य है–
(1) चन्द्रभागा पशु मेला– झालावाड़
(2) सारणेश्वर पशु मेला– नागौर
(3) मल्लीनाथ पशु मेला– बाड़मेर
(4) जसवन्त पशु मेला– भरतपुर (2)

**व्याख्या–** सारणेश्वर पशु मेला सिरोही जिले में भरता है।

30. गोगामेड़ी पशु मेला किस जिले में भरता है–
(1) जोधपुर (2) बीकानेर
(3) हनुमानगढ़ (4) चुरू (3)

31. राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड कहाँ स्थित है–
(1) बगरू (जयपुर) (2) झोटवाड़ा (जयपुर)
(3) सांगानेर (जयपुर) (4) जामडोली (जयपुर) (4)

32. किस नस्ल के घोड़े मजबूत और दौड़ने में उत्तम होते हैं, ये नस्ल पोलो खेल में प्रयुक्त की जाती है'
(1) सिन्धी (2) मारवाड़ी
(3) मालानी (4) काठियावाड़ी (3)

**व्याख्या–** मालानी घोड़ों की सर्वश्रेष्ठ नस्ल है। यह नस्ल काठियावाड़ी तथा सिंधी नस्ल के मिश्रण की नस्ल है, ये मजबूत व दौड़ने में उत्तम होते हैं। पोलो खेल में यह नस्ल प्रयुक्त की जाती है।

33. गोमती सागर पशु मेला राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में आयोजित किया जाता है–
(1) झालावाड़ (2) नागौर
(3) जालौर (4) भरतपुर (1)

**व्याख्या–** यह पशुमेला मालवी नस्ल के पशुओं की बिक्री के लिए प्रसिद्ध है, यह मेला वर्ष 2015 से बंद है।

34. गलत युग्म कौन–सा है–

| पशु | नस्ल |
|---|---|
| (1) भेंड़ | – मगरा |
| (2) भैंस | – झरवाड़ी |
| (3) बकरी | – सिरोही |
| (4) ऊँट | – जैसलमेरी |

(2)

**व्याख्या–** झरवाड़ी बकरी की नस्ल है। यह पूर्वी राजस्थान में सर्वाधिक पाई जाती है। यह नस्ल को माँस उत्पादन के लिए पाली जाती है।

Lead, Read and Achieve Dhindhwal Publication

35. भेड़ों की खेरी नस्ल पाई जाती है ?
(1) बीकानेर, चुरू, सीकर
(2) डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, उदयपुर
(3) जोधपुर, नागौर, पाली
(4) अलवर, भरतपुर, धौलपुर (3)

**व्याख्या–** खेरी नस्ल की भेड़ें पश्चिमी राजस्थान के घुमक्कड़ रेवडों में पाई जाती है। यह जोधपुर, नागौर व पाली जिलों में सर्वाधिक पाली जाती है।

36. सुअर का माँस कहलाता है–
(1) मटन (2) चेवन
(3) पोर्क (4) बीफ (3)

37. 2018–19 के राजस्थान के बजट में की गई घोषणा के अनुसार ऊँटनी के दूध के प्रसंस्करण के लिए मिनी प्लांट कहाँ स्थापित किया गया है–
(1) नागौर (2) बीकानेर
(3) जोधपुर (4) जयपुर (4)

38. भेड़ की वह नस्ल, चरते समय जिसके कान जमीन पर स्पर्श करते हैं–
(1) पुगल (2) सोनाड़ी
(3) जैसलमेरी (4) बागड़ी (2)

39. राजस्थान सहकारी डेयरी संघ (RCDF) किस नाम से दुग्ध उत्पाद बनाता है
(1) सरस (2) अमूल
(3) कृष्णा (4) लोट्स (1)

**व्याख्या–** राजस्थान में डेयरी विकास कार्यक्रम सहकारिता पर आधारित है। राजस्थान में RCDF की स्थापना 1977 में की गई, वर्तमान मे RCDF से सम्बद्ध 21 जिला दुग्ध उत्पादक हैं।

40. गाय की कौनसी नस्ल राजस्थान की कामधेनु कहलाती है–
(1) कांकरेज (2) थारपारकर
(3) नागौरी (4) राठी (4)

**व्याख्या–** राठी – इसे राजस्थान की कामधेनु कहा जाता है। यह लाल सिंधी व साहीवाल की मिश्रित नस्ल है। यह गाय की सर्वाधिक दूध देने वाली नस्ल है।

41. राजस्थान में 19वीं पशु गणना कब की गई थी–
(1) 2015 (2) 2012
(3) 2013 (4) 2014 (2)

42. वर्ष 2019 की पशुगणना के अनुसार गौवंश की संख्या के अनुसार राजस्थान का स्थान है–
(1) 8वां (2) 7वां
(3) 6वां (4) 5वां (3)

**व्याख्या–** 2019 की पशुगणना के अनुसार राजस्थान में गौवंश की संख्या 1.39 करोड़ है तथा गौवंश में राजस्थान का छठा स्थान है।

43. कामधेनु योजना कब प्रारम्भ की गई?
(1) 2002–2003 (2) 1999–2000
(3) 1995–1996 (4) 1997–1998 (4)

**व्याख्या–** कामधेनु योजना – इस योजना की शुरुआत 1997–98 में सम्पूर्ण राजस्थान में गौवंश की नस्ल सुधार हेतु प्रारम्भ की गई।

44. सूची–I व सूची–II सुमेलित कीजिए–

| (सूची–I) (राजस्थान के क्षेत्र) | (सूची–II) (गाय की नस्लें) |
|---|---|
| A. उत्तर पश्चिम | I. राठी |
| B. दक्षिण–पश्चिम | II. कांकरेज |
| C. पश्चिम | III. थारपाकर |
| D. दक्षिण–पूर्व मध्यवर्ती | IV. गिर |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | I | IV | II | III |
| (2) | I | III | IV | II |
| (3) | I | II | III | IV |
| (4) | IV | III | I | II |

(3)

45. राजस्थान कामधेनु डेयरी योजना कब प्रारम्भ की गई–
(1) 2018–19 (2) 2019–20
(3) 2015–16 (4) 2020–21 (4)

46. राजस्थान में केन्द्रीय मुर्गा फार्म कहाँ स्थित है–
(1) भरतपुर (2) अजमेर
(3) भीलवाड़ा (4) टोंक (2)

47. निम्न में से भेड़ की कौनसी एक नस्ल उदयपुर संभाग में व्यापकता से पाई जाती है–
(1) चोकला (2) सोनाड़ी
(3) मगरा (4) नाली (2)

48. राजस्थान में न्यूनतम ऊन उत्पादन वाले जिले हैं–
(1) बाँसवाड़ा व धौलपुर (2) अलवर व भरतपुर
(3) अजमेर व नागौर (4) धौलपुर व करौली (1)

**व्याख्या–** राजस्थान में वर्ष 2019–20 के आंकड़ों के अनुसार सर्वाधिक ऊन उत्पादन वाला जिला पाली है।

49. गाय की सर्वाधिक रोग प्रतिरोधक क्षमता वाली नस्ल है–
(1) थारपारकर (2) नागौरी
(3) साहीवाल (4) गिर (1)

50. भारत में भैंसों की सर्वाधिक संख्या वाला राज्य है–
(1) राजस्थान (2) उत्तर प्रदेश
(3) पश्चिम बंगाल (4) गुजरात (2)

51. राजस्थान में सर्वाधिक ऊन उत्पादन वाला जिला है–
(1) बीकानेर (2) पाली
(3) जोधपुर (4) नागौर (2)

52. सींकला, झेरणा, नेतरा तथा गिड़गिड़ी संबंधित है–
(1) दही बिलौने से (2) कृषि कार्य से
(3) गलीचा निर्माण से (4) सिंचाई से (1)

53. 2019–20 के आंकड़ों के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक पशु आमद वाला पशु मेला है–
(1) रामदेव पशु मेला (2) जसवंत पशु मेला
(3) पुष्कर पशु मेला (4) गोगामेड़ी पशु मेला (4)

**व्याख्या–** वर्ष 2019–20 के आँकड़ों के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक पशुओं की आमद वाले 3 प्रमुख मेले निम्न प्रकार हैं–
गोगोमेड़ी पशु मेला– 8462 पशु
श्री जसवंत पशु मेला– 7534 पशु
रामदेव पशु मेला– 4763 पशु

54. राजस्थान में 20वीं पशुगणना कब से प्रारम्भ की गयी है ?


(1) 1 जुलाई 2017 (2) 1 अक्टूबर 2018
(3) 1 अगस्त 2019 (4) 16 अगस्त 2016 (2)

55. वीर तेजाजी पशु मेले के बारे में असत्य कथन की पहचान करें–

(1) यह पशु मेला परबतसर (नागौर) में भरता है।
(2) यह श्रावण पूर्णिमा से भाद्रपद अमावस्या तक लगता है।
(3) यह मेला जोधपुर महाराजा अजीत सिंह द्वारा प्रारम्भ किया गया था।
(4) यह मेला मानासर (नागौर) में भरता है। (4)

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती मुख्य परीक्षा– 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–




**धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।**